**12/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से इस महीने की 15 तारीख तक मिज़ोरम, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार का दौरा करेंगे। मिज़ोरम की अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री नौ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। उसी दिन मणिपुर की अपनी यात्रा के दौरान, वह आठ हज़ार पाँच सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। असम की अपनी यात्रा के दौरान, श्री मोदी गुवाहाटी में डॉ. भूपेन हज़ारिका की 100वीं जयंती के समारोह में भाग लेंगे।

0000000000000000000000

सी. पी. राधाकृष्णन ने भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे. पी. नड्‌डा, पीयूष गोयल और नितिन गडकरी सहित कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे।

0000000000000000000000

राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में भारत के 15वें उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश की ओर से उपराष्ट्रपति को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अपने अनुभव, कुशल राजनीतिज्ञता एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, श्री राधाकृष्णन राष्ट्र के लोकतांत्रिक ताने-बाने को और मज़बूत करेंगे।

0000000000000000000000

आईएमसी मेयर, तामे फासांग ने आज ईटानगर के अंडरपास में म्युरल पैंटींग्स का उद्‌घाटन किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि कलात्मक आकर्षण के अलावा, ये चित्र एक मज़बूत सामाजिक संदेश भी देते हैं, जो नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण की रक्षा करने का आग्रह करते हैं। इस बीच, श्री फासांग ने जनता से आग्रह किया है कि वे इस पहल को केवल सजावट के रूप में न देखें, बल्कि इसे क्षेत्र को हमेशा साफ़-सुथरा रखने की याद की तरह देखें।

0000000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत, विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, ईस्ट सियांग पुलिस ने एक ड्रग पेडलर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया और लगभग 9.69 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की। एडीएस ईस्ट सियांग टीम ने पासीघाट के यागरुंग गांव, से यह गिरफ्तारी की।

ऑपरेशन का नेतृत्व एडीएस प्रभारी, पुलिस उपाधीक्षक आयूप बोको ने एंटी-ड्रग्स स्क्वाड, पासीघाट के साथ समन्वय में किया। इस बीच पुलिस अधीक्षक, ईस्ट सियांग पंकज लांबा, ने एडीएस टीम के प्रयासों की सराहना की और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के लिए जिला पुलिस की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए जनता से ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की रिपोर्ट करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

तवांग उपायुक्त, नामग्याल आंग्मो ने आज तवांग स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक और जिला विकास रिपोर्ट की समीक्षा की। बैठक के दौरान, उपायुक्त ने जिले के सभी परियोजनाओं की स्थिति और प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के राजस्व सृजन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग उपायुक्त सोनालिका जिवानी ने स्वास्थ्य अधिकारियों और जिला निगरानी समिति के सदस्यों के साथ कल पासीघाट में चल रहे नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने नशामुक्ति केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं, सेवाओं और पुनर्वास उपायों का जायजा लिया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के चैयरपर्सन, बामांग तागो ने आज कोलोरियांग ज़िले के कुरुंग कुमे स्थित जिला उप-जेल का दौरा किया, जहाँ मानवाधिकार जागरूकता पर तीन दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का समापन हुआ।

0000000000000000000000

एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल के तहत, सीमा सड़क संगठन (BRO) के 763वीं बीआरटीएफ ने तवांग में सड़क निर्माण परियोजनाओं पर कार्यरत अस्थायी मजदूरों के बच्चों के लिए प्ले एण्ड लर्निंग रूम की स्थापना की है। यह पहल न केवल सड़क निर्माण के प्रति, बल्कि मजदूरों के जीवन निर्माण, उनके कल्याण और उनके बच्चों के विकास को सुनिश्चित करने के प्रति भी बीआरओ की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 16 जिलों के लिए अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ बोजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सुदृढ़ बनाने, कृषि-उद्यम विकास और ग्रामीण सीमावर्ती समुदायों में सतत आजीविका को बढ़ावा देते हुए, विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और किसानों को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आज कालावांगपो कन्वेंशन हॉल, तवांग में "ग्रामीण सीमावर्ती समुदायों में कृषि-उद्यम विकास और सतत आजीविका हेतु एफपीओ को सुदृढ़ बनाने" पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया।

0000000000000000000000